कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग,नैनीताल।

E-mail:dfonainital@gmail.com Telefax.05942-236790

पत्रांकः— 4610 / 13— दो घोड़िया दिनांक 19/3 /2021

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा।

विषय :— जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अन्तर्गत शहरफाटक से ग्राम दो घोड़िया तक मोटर मार्ग का निर्माण प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/37890/2018

संदर्भ :— नोडल अधिकारी, देहरादून का ई0डी0एस0 दिनांक 03.03.2021 तथा आपका पत्रांक 763/7सी0 दिनांक 17.03.2021

महोदय,

आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयगत प्रकरण की प्रस्ताव की हार्ड कॉपी आप द्वारा कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून में जमा किये जाने की सूचना इस कार्यालय को नहीं दी गई है केवल अपने उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किये जाने की सूचना दी गई है। जबकि आपका पत्र दिनांक 17.03.2021 का पत्र ऑन लाईन दिनांक 17.03.2021 को इस कार्यालय में प्राप्त हुआ। इससे स्पष्ट है कि आप द्वारा उक्त प्रस्ताव की हार्ड कॉपी अभी तक कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून को उपलब्ध नहीं कराई गई है। कृपया उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव की प्राप्ति मय पत्र के इस कार्यालय को उपलब्ध कराये तांकि इस कार्यालय से ऑन लाईन उच्चाधिकारी को सूचित किया जा सके।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,नैनीताल।

पत्रांक :— /उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,नैनीताल।